नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 एलएनजी जहाजों को सुरक्षित निकालने की तैयारी


6 सीजफायर के बाद इजराइल का क्या होगा?


7 6.6% भारत की ग्रोथ रेट : विश्व बैंक


10 आयुष शेट्टी क्वार्टर फाइनल में, सिंधु बाहर

# तीन राज्यों में रिकॉर्ड वोटिंग

## असम, केरलम और पुडुचेरी चुनाव में मतदाताओं में दिखा उत्साह

**कहां-कितने उम्मीदवार**

- 722 उम्मीदवार- असम
- 890 उम्मीदवार- केरलम
- 294 कैंडिडेट- पुडुचेरी

**कहां-कितनी वोटिंग**

**2026**

- 85.04% असम में
- 77.38% केरलम में
- 89.08 % पुडुचेरी में

**2021**

- 82.02 - असम
- 75.75 - केरल
- 83.28- पुडुचेरी


**नई दिल्ली, 09 अप्रैल. देश के दो राज्यों असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए शाम 6 बजे तक मतदान हुआ. चुनाव आयोग के अनुसार शाम 5 बजे तक असम में 85.04 प्रतिशत, केरलम में 77.38 प्रतिशत और पुडुचेरी में 89.08 प्रतिशत वोटिंग हुई.**


असम में चुनाव संबंधी हिंसा में करीब 30 लोग घायल हो गए और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया. श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों की इस झड़प में करीब 25 लोग घायल हो गए, दो की हालत गंभीर है. असम में 126 सीटों पर 41 पार्टियों के 722 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा. वहीं, केरलम में 2.71 करोड़ वोटर 890 उम्मीदवारों ने भाग्य आजमाया. पुडुचेरी में 20 पार्टियां के 294 कैंडिडेट मैदान में हैं. दोनों राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में करीब 10 लाख से ज्यादा वोटर्स ने पहली बार मतदान किया.

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि श्रीभूमि जिले के पथारकंडी से कांग्रेस उम्मीदवार कार्तिक सेना सिन्हा रंगमती बूथ में घुस गए और पीठासीन अधिकारी से बहस करने लगे। उनका दावा था कि फर्जी वोटर्स ने असली लोगों के वोट डाले हैं।

जब पीठासीन अधिकारी ने इस आरोप का खंडन किया, तो उन्होंन ईवीएम तोड़ दी। इसके बाद कांग्रेस और भाजपा समर्थकों ने आपस में हाथापाई शुरू कर दी।







### सीएम हिमंता ने असम में पूजा के बाद डाला वोट

**गुवाहाटी/तिरुवनंतपुरम.** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने गुवाहाटी स्थित कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद जालुकबाड़ी में अपनी पत्नी के साथ वोट डाला। वहीं केरल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व रक्षा मंत्री ए के एंटनी ने तिरुवनंतपुरम में मतदान किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य की जनता भाजपा को पसंद नहीं करती और इस बार बदलाव की उम्मीद है। चुनाव के दौरान नेताओं की सक्रियता और बयानबाजी ने राजनीतिक माहौल को और गर्म कर दिया है. अब सभी की नजरें मतदान प्रतिशत और आने वाले नतीजों पर टिकी हैं, जो राज्य की राजनीतिक दिशा तय करेंगे.

### एक नजर में

- पुडुचेरी में मन्नादिपेट में पोलिंग बूथ पर कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में झड़प हो गई. पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज किया. पुडुचेरी के सीएम रंगास्वामी वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ तक बाइक से पहुंचे.
- केरलम में पूर्व रक्षा मंत्री और कांग्रेस लीडर एके एंटनी ने तिरुवनंतपुरम में वोट डाला. उन्होंने मीडिया से कहा- केरलम के लोग भाजपा को पसंद नहीं करते. राज्य में 10 साल के कुशासन की सरकार है. इसलिए इस बार सरकार बदलेगी.
- केरलम तिरुवनंतपुरम में एक्टर मोहनलाल और भाजपा के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने तिरुवनंतपुरम में वोट किया. वे नेमम सीट से चुनाव लड़ रहे हैं.
- केरलम के सीएम पिनाराई विजयन ने कन्नूर में आरसी अमला बेसिक अपर प्राइमरी स्कूल में वोट डाला. केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद सुरेश गोपी ने त्रिशूर में मतदान किया.
- असम के बरपेटा में सुबह से बारिश के कारण वोटिंग में परेशानी आई. पुडुचेरी में रोबोट ने पोलिंग बूथ पर आने वाले वोटर्स का स्वागत किया.
- पुडुचेरी में मतदान केंद्र पर रोबोट ने मतदाताओं का फूलों से स्वागत किया.

# बंगाल में आएगा कानून का राज

## बंगाल के आसनसोल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा

### 04 मई के बाद राज्य के लुटेरों को दिखाएंगे बाहर का रास्ता



**आसनसोल, 09 अप्रैल. पीएम मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के आसनसोल में चुनावी जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने अपने भाषण में कहा कि उनकी सरकार बनने के बाद इलाके की एक-एक समस्या का समाधान किया जाएगा.**

इस बार आपका वोट बंगाल के विकास, सुरक्षा और भविष्य के लिए होगा. आपने मेरे मुंह से सबका साथ, सबका विकास सुना है. आज मैं बंगाल के लिए यह गारंटी देता हूं सबका साथ, सबका विकास, सिवाय उन लोगों के जिन्होंने बंगाल को लूटा है. उनके लिए मेरा नारा है लुटेरों का होगा हिसाब और विनाश.

पीएम मोदी ने जोर देते हुए कहा कि 4 मई के बाद बंगाल में कानून का राज स्थापित होगा. हर तरह की गुंडागर्दी का हिसाब लिया जाएगा, एक-एक करके जवाबदेही तय होगी. उनके इस बयान को कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सीधा हमला माना जा रहा है. इसके साथ ही उन्होंने हाल के चर्चित मामलों का जिक्र करते हुए राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि आरजी कर जैसे घटनाक्रम और संदेशखाली की घटना यह दिखाती है कि टीएमसी सरकार कैसे दुष्कर्मियों के साथ खड़ी नजर आती है. उन्होंने दावा किया कि यही वजह है कि राज्य में महिलाओं के बीच असुरक्षा की भावना बढ़ी है और एसिड अटैक के मामलों में भी इजाफा हुआ है.

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में घुसपैठ के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया. उन्होंने कहा कि बंगाल में घुसपैठ सबसे बड़ी समस्या है. घुसपैठिए यहां जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं और जनसांख्यिकी में बदलाव हो रहा है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ जगहों पर लोगों को पूजा करने की अनुमति नहीं दी जाती और कहीं-कहीं दुर्गा पूजा भी नहीं करने दी जाती.इसके पीछे टीएमसी का हाथ है. पहले लाल झंडे के दौर में हिंदू नरसंहार के आरोप लगे थे, अब टीएमसी वही काम कर रही है.

### पीएम मोदी ने छह गारंटी दी

1. भाजपा डर के माहौल को खत्म कर विश्वास का वातावरण बनाएगी और कानून के शासन में लोगों का भरोसा बहाल करेगी.
2. व्यवस्था को जवाबदेह बनाया जाएगा.
3. हर घोटाले, हर भ्रष्टाचार और हर अन्याय की जांच की जाएगी.
4. टीएमसी के शासन में भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को जेल भेजा जाएगा.
5. शरणार्थियों को संविधान के तहत अधिकार दिए जाएंगे, जबकि घुसपैठियों को बाहर किया जाएगा.
6. जैसे ही भाजपा सरकार बनेगी, 7वें वेतन आयोग को लागू किया जाएगा.

### एक नजर में



**अमरनाथ यात्रा के लिए 15 अप्रैल से होंगे पंजीयन**

**जम्मू, 09 अप्रैल.** शिव भक्तों के लिए खुशखबरी है. श्री बाबा अमरनाथ की इस साल 2026 की वार्षिक यात्रा के लिए एडवांस पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होगा. श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड की ने इसकी जानकारी दी है और यात्रा शुरू होने की जानकारी शीघ्र उपलब्ध करवाई जाएगी. श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड ने देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विभिन्न बैंकों में होने वाले बैंकों की शाखाओं में होने वाले पंजीकरण की जानकारी उपलब्ध करवा दी है.

### गुस्ताखी माफ




# केंद्र ने मंदिर की परंपराओं का किया बचाव

### कहा- जहां पुरुषों की एंट्री बैन वहां भी तो है आस्था

**नई दिल्ली, 09 अप्रैल.** केंद्र सरकार ने गुरुवार को केरल के सबरीमाला मंदिर में रजस्वला आयु की महिलाओं के प्रवेश पर लगे प्रतिबंधों का समर्थन किया है. सुप्रीम कोर्ट की नौ-जजों की संविधान पीठ के समक्ष दलील देते हुए केंद्र ने कहा कि साल 2018 का वह ऐतिहासिक फैसला, जिसने प्रतिबंध हटाया था, इस गलत धारणा पर आधारित था कि धार्मिक परंपराएं महिलाओं को पुरुषों से 'नीचा' दिखाती हैं.

**मंदिरों में एंट्री रोकने से समाज बंटेगा:** जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि मंदिरों में सिर्फ खास समुदाय की एंट्री और बाहरी लोगों की मनाही से समाज बंटेगा.



यह हिंदू धर्म के लिए ठीक नहीं है. उन्होंने आगे कहा कि मान लीजिए, अगर यह कहा जाए कि सिर्फ गौड़ सारस्वत लोग ही एक मंदिर में आएं या कांची मठ के लोग सिर्फ कांची ही जाएं, दूसरे मठ (जैसे श्रृंगेरी) न जाएं तो यह ठीक नहीं होगा.

**कई मंदिरों में प्रसाद में शराब दी जाती हैं:** एएसजी नटराज ने कहा, दक्षिण भारतीय मंदिरों में प्रसाद के रूप में मदिरा दी जाती हैं. कल को आप इस पर आपत्ति नहीं उठा सकते कि मदिरा न दी जाए. एक उदाहरण देते हुए कहा, कई मंदिरों में शाकाहारी भोजन परोसा जाता है. अगर कोई व्यक्ति अपनी पसंद या अंतरात्मा की आवाज पर मांसाहारी भोजन चाहता है, तो वह किसी संप्रदाय से यह नहीं कह सकता कि यह उसका अधिकार है और उसे वही परोसा जाए. उसे श्रद्धालुओं के अधिकारों में दखल देने का अधिकार नहीं है.

# मालदा जज घेराव कांड मामले में 12 पर एफआईआर दर्ज

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई

**कोलकाता, 09 अप्रैल. पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले मालदा में न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई बदसलूकी और हिंसा के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मोर्चा संभाल लिया है.**

सुप्रीम कोर्ट के कड़े आदेश के बाद केंद्रीय एजेंसी ने इस घटना से संबंधित 12 एफआईआर दर्ज की हैं. यह मामला चुनावी प्रक्रिया की शुचिता और न्यायपालिका की सुरक्षा से जुड़े एक बड़े खतरे के रूप में देखा जा रहा है.

मालदा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे न्यायाधीशों के घेराव को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य प्रशासन की गंभीर विफलता करार दिया है. न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 142 का उपयोग करते हुए इस मामले की जांच एनआईए को सौंपी है.

### बारामती विधानसभा उपचुनाव में सुनेत्रा पवार की जीत तय

**बारामती, 09 अप्रैल.** महाराष्ट्र में बारामती विधानसभा उपचुनाव में एनसीपी कैंडिडेट और डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार का निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है. आज नाम वापसी की आखिरी तारीख पर कांग्रेस के आकाश मोरे ने नाम वापस ले लिया. यह सीट अजित पवार के निधन से खाली हुई है. इसके पहले महाराष्ट्र के प्रभारी एआईसीसी महासचिव चेन्निथला ने कहा था कि उन्होंने कांग्रेस की राज्य इकाई से चुनाव से अपना उम्मीदवार वापस लेने को कहा है. बता दें कि बारामती में 23 अप्रैल को उपचुनाव होना है.

**सीजफायर** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प बोले- समझौते तक ईरान के आसपास आर्मी तैनात रहेगी

# ईरान बोला-अमेरिका ने 3 शर्तें तोड़ीं

**तेहरान/वॉशिंगटन, 09 अप्रैल. 24 घंटे के अंदर ही अमेरिका और ईरान के बीच हुआ सीजफायर टूटने के कगार पर आ गया है. वहज है कि ईरान ने आरोप लगाया है कि सीजफायर डील की तीन शर्तों को तोड़ा गया है. अभी तो परमानेंट डील के लिए इस्लामाबाद में बातचीत शुरू भी नहीं हुई है और सीजफायर अधर में लटकता दिख रहा है.**

ईरान की शिकायत न सिर्फ इजरायल से है जिसने लेबनान पर



अब तक की सबसे बड़ी बमबारी शुरू की है, ईरान ने अमेरिका पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं. वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि अमेरिका के सभी जहाज, विमान और सैन्य बल ईरान के भीतर और आसपास तैनात रहेंगे, जब तक 'वास्तविक समझौते की पूरी तरह पालना नहीं होती. ईरान की तरफ से यह आरोप उसके संसद के अध्यक्ष ने साफ कहा है कि सीजफायर की 10 प्रमुख शर्तों में से तीन का उल्लंघन होने के बाद, न तो सीजफायर का मतलब है और न ही बातचीत का कोई मतलब है. ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों के लिए नया मैप जारी किया है.

### ट्रंप का सख्त ऐलान- होर्मुज खुलेगा

ट्रंप ने दो टूक कहा कि यह बात बहुत पहले तय हो चुका है कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होंगे और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पूरी तरह खुला और सुरक्षित रहेगा. उन्होंने दावा किया कि इसके विपरीत दी जा रही बयानबाजी फर्जी है. उन्होंने कहा फिलहाल अमेरिकी सेना हथियारों और गोला-बारूद से मजबूत कर रही है.

